कोटद्वार, शनिवार
17 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 284 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### केनफील्ड छात्रावास के विवेक जोशी बने चीफ प्रीफेक्ट

नैनीताल। कुमाऊं विवि के सबसे बड़े छात्रावास केनफील्ड में वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों को कई जिम्मेदारियां दी गई। पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों के लिए छात्रों को सम्मान के साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। छात्रावास अधीक्षक डॉ. मोहन लाल एवं सहायक छात्रावास अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार की अध्यक्षता में छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में चीफ प्रीफेक्ट विवेक जोशी, डिप्टी चीफ प्रीफेक्ट रजत गौड़, ट्रेजरार मनीष सिंह शाह, सलाहकार समिति के सदस्य अप्रतिम चौधरी, गौरव देश, मोहित गिरी, अनुशासन समिति प्रमुख दीपक कन्नौजिया, सांस्कृतिक प्रमुख मिहिर प्रकाश, एंटी–रैगिंग समिति प्रमुख दीपांशु लखचौरा, एंटी डोपिंग समिति प्रमुख विशाल सिंह कफलिया, गार्डनिंग समिति प्रमुख गौरव सिंह महरा, मैस समिति प्रमुख राहुल बिष्ट, सपोर्ट सचिव चमन तिवारी, जिम प्रभारी उमेश सिंह रावत, रीडिंग रूम प्रभारी प्रखर श्रीवास्तव, शैक्षणिक गतिविधियों के सचिव पाविक शर्मा निर्वाचित हुए। छात्रावास अधीक्षक डॉ. मोहन लाल एवं सहायक छात्रावास अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार ने छात्रों को जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

### एसडीएम ने छापामारी कर प्राइवेट अस्पताल को सील किया

काशीपुर। एसडीएम ने छापामारी कर एक प्राइवेट अस्पताल को सील कर दिया। हॉस्पिटल के अंदर में मिले तीन युवकों का पुलिस ने चालान किया है। यूनियन बैंक के पास एसडीएम ने पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को लेकर छापामारी की। अस्पताल के अंदर एक युवती तीन युवक मिले। पुलिस ने युवती को उसके घर भेज दिया तथा तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया। एसडीएम गौरव चटवाल ने बताया कि फर्जी अस्पताल चलने की शिकायत मिली थी। अस्पताल के बाहर श्री हॉस्पिटल का बोर्ड लगा रखा था। अस्पताल के अंदर कंबल, दवाई, डॉक्टरों की नेम प्लेट आदि मिली हैं, जिससे प्रतीत होता है कि अस्पताल के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा था। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. हितेश शर्मा ने बताया कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं था। उपस्थित डॉक्टर रजिस्ट्रेशन अथवा अस्पताल संबंधी कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। अस्पताल को सीज कर दिया गया है। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवती को उसके घर भेज दिया गया। तीनों युवकों का पुलिस एक्ट में चालान किया गया है।

### मुरादाबाद के मां बेटे की हत्या का खुलासा, एएसआई समेत तीन गिरफ्तार

हरिद्वार। मुरादाबाद (कांठ) की दृष्टि दिव्यांग महिला और उसके नाबालिग बेटे की हत्या हरिद्वार पुलिस लाइन में तैनात सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। मकान बेचकर महिला को मिली बीस लाख की रकम हड़पने के लिए दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया। जिला पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि नौ फरवरी को झबरेड़ा के अकबपुर झोझा मार्ग पर नाले में एक किशोर का शव मिला। उसके गले पर निशान मिले थे। हत्या कर शव फेंकने के संदेह में पुलिस ने जांच शुरू की। मृतक की शिनाख्त नरेंद्र उर्फ राजा (16) के तौर पर हुई। जांच में पता चला कि राजा की मां ममता (40) ने कुछ समय पहले हरिद्वार में बीस लाख रुपये में अपना मकान बेचा था। आठ फरवरी को मां–बेटे को उनका परिचित और एक पुलिस कर्मी अपने साथ ले गए थे।

### कांग्रेस को राहत, फ्रीज खातों से रोक हटी

नई दिल्ली ,कांग्रेस के फ्रीज खातों पर लगी रोक हट गई है। यह रोक इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने हटाई है। कुछ देर पहले ही कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है।

# उत्तराखंड से रिक्त हो रही राज्यसभा सीट पर सिर्फ एक नामांकन

## महेंद्र भट्ट का निर्विरोध निर्वाचन तय



, देहरादून। राज्यसभा की उत्तराखंड से रिक्त हो रही सीट के चुनाव के लिए नामांकन कराने वाले एकमात्र भाजपा प्रत्याशी महेंद्र भट्ट का नामांकन पत्र जांच में सही पाया गया। भट्ट द्वारा चार सेट में दाखिल किए गए नामांकन पत्र की शुक्रवार को विधानसभा भवन स्थित निर्वाचन कक्ष में जांच की गई। रिटर्निंग आफीसर सीएस गोस्वामी ने बताया कि जांच में भट्ट का नामांकन सही पाया गया। इसकी सूचना निर्वाचन आयोग को भेज दी गई है। 20 फरवरी को दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी का समय है। इसके बाद भट्ट के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की जाएगी। इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी का कार्यकाल दो अप्रैल को समाप्त हो रहा है। गुरुवार सुबह 10:30 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट नामांकन के लिए विधानसभा भवन पहुंचे। विधानसभा सभाकक्ष में उनका भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत किया। यहां से वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख व राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी समेत कैबिनेट मंत्रियों व विधायकों के साथ जुलूस के रूप में विधानसभा सचिवालय में नामांकन कक्ष तक पहुंचे। यहां उन्होंने पीठासीन अधिकारी चंद्र मोहन गोस्वामी व सहायक पीठासीन अधिकारी मयंक सिंघल के समक्ष चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, गणेश जोशी, रेखा आर्या, प्रेम चंद अग्रवाल व सतपाल महाराज मुख्य प्रस्तावकों में शामिल रहे। उनके नामांकन के पश्चात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत, सांसद अजय टम्टा, कल्पना सैनी व प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार भी उपस्थित रहे। नामांकन का समय तीन बजे तक निर्धारित था। निर्धारित समय तक किसी भी अन्य प्रत्याशी ने राज्यसभा सीट के लिए नामांकन नहीं किया। इससे भाजपा प्रत्याशी महेंद्र भट्ट का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है।

### ईडी ने टीएमसी सांसद देव को 21 फरवरी को दिल्ली कार्यालय में पेश होने के लिए कहा

कोलकाता , प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित मवेशी तस्करी मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद और टॉलीवुड के मशहूर अभिनेता देव नाम से विख्यात दीपक अधिकारी को 21 फरवरी को अपने नयी दिल्ली कार्यालय में पेश होने के लिए बुलाया है।

सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी ने ईडी के समन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति करार दिया है, जिससे घाटल सांसद द्वारा 2024 में लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा के तुरंत बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी के खिलाफ संघीय एजेंसी को सक्रिय होने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस बीच, अभिनेता और राजनेता ने कहा कि वह केंद्रीय जांच एजेंसी के हर समन को मानने और जांच में सहयोग करने की इच्छा रखते हैं। देव को एक ईमेल भेजा गया और उन्हें 21 फरवरी को सुबह 11 बजे दिल्ली के ईडी कार्यालय में तलब किया गया। टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि चुनावी लड़ाई में हार के बाद भाजपा ईडी और सीबीआई का उपयोग पार्टी के लोगों को परेशान करने के लिए बदले की राजनीति कर रही है। ईडी पशु तस्करी घोटाले के धनशोधन मामले की जांच कर रहा है जिसमें टीएमसी के बीरभूम अध्यक्ष अनुब्रत मंडल उर्फ केस्टो को गिरफ्तार किया गया है। देव से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गाय तस्करी मामले में पूछताछ की थी।

## पीएम मोदी करेंगे श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर का लोकार्पण



नई टिहरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग का आगामी 20 फरवरी को वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित प्रदेश राज्यपाल गुरुमीत सिंह व अनेक मंत्री यहां मौजूद रहेंगे। परिसर निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने जानकारी देते हुए बताया कि, वर्ष 2016 में भारत सरकार की ओर से देवभाषा संस्कृत के प्रचार प्रसार को श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर का निर्माण शुरू किया गया था। 126 करोड़ की लागत में निर्मित परिसर में देश भर से चयनित छात्र–छात्राओं के लिए आठ छात्रावास सहित प्रशासनिक, शैक्षिक भवन, सभागार, स्टेडियम आदि निर्मित किये गए हैं। भगवान् राम की तपस्थली देवप्रयाग पुरातन समय से ही संस्कृत, ज्योतिष, वेद वेदांग की भूमि रही है। इसको देखते केंद्र सरकार ने यहां, 1908 में स्थापित श्री रघुनाथ कीर्ति महाविद्यालय का अधिग्रहण करते हुए विशाल परिसर का निर्माण किया। परिसर में रोजगारपरक शिक्षा को प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र, विश्व योग केंद्र, वेद शास्त्रानुसंधान केंद्र आदि भी स्थापित किये गए हैं। निदेशक के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी के हाथों परिसर का लोकार्पण होना उत्तर-ाखण्ड सहित संस्कृत जगत के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम को भव्यरूप देने के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय व प्रशासन की ओर से परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं।

## बनभूलपुरा में काम करने से डर रही हैं महिलाएं, हिंसा के बाद सुरक्षा की गुहार



हल्द्वानी। बनभूलपुरा में सफाई व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन पूरी कोशिशों में जुटा है, लेकिन सभी जगहों पर काम नहीं हो पा रहा। दूसरी तरफ गुरुवार को निगम सभागार में सफाई कर्मचारियों के संगठनों की बैठक में आमराय से निर्णय लिया गया कि जब तक जिम्मेदार लोग सुरक्षा की गारंटी नहीं लेंगे, काम नहीं किया जाएगा।

इस दौरान महिला कर्मचारियों ने कहा कि तंग गलियों में काम को लेकर डर का माहौल है। उनकी ड्यूटी उस क्षेत्र में न लगे।आठ फरवरी को मलिक के बगीचे में हुए बवाल के दौरान बड़ी संख्या में निगम के स्वच्छता कर्मचारी भी घायल हुए थे। उसके बाद उस क्षेत्र में सफाई को लेकर दिक्कत आ रही है।

वार्ता फिलहाल रही विफल

बुधवार को नगर आयुक्त संग हुई वार्ता बैठक विफल रही थी। इसके बाद गुरुवार दोपहर निगम सभागार में दोनों संगठनों की ओर से आमसभा बुलाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे। हर किसी ने एक स्वर में सुरक्षा और बीमा की बात कही।

**सफाई करने वालों की सुरक्षा हो सुनिश्चित**

कर्मचारियों ने कहा कि उस क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों को आगे बढ़कर कहना चाहिए कि स्वच्छता कर्मचारियों की सुरक्षा का जिम्मा उनका है। निगम प्रशासन को भी उनकी मांगों को गंभीरता से लेना चाहिए। इस दौरान उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार राजौर, देवभूमि उत्तराखंड स्वच्छकार संगठन के अध्यक्ष राहत मसीह, अमन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### दुनिया भारत में इन्वेस्टमेंट के लिए बेताब, हरियाणा निवेश के लिए सबसे बढ़िया जगहः मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूरी दुनिया इस समय भारत में नए–नए अवसरों को देखते हुए देश में निवेश करना चाहती है और निवेश के लिए हरियाणा एक उत्तम राज्य बन कर उभरा है। श्री मोदी हरियाणा में रेवाड़ी में आज में एम्स और गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखने के साथ ही कई और परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इन परियोजनाओं की लागत कुल मिला कर 9750 करोड़ रुपए से अधिक की है। श्री मोदी ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत में निवेश के लिए उत्सुक है और निवेश के लिए हरियाणा एक उत्तम राज्य बनकर उभर रहा है।

कार्यक्रम के मंच पर में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इससे पहले श्री मोदी ने इस कार्यक्रम के बारे में सोसल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा था कि इन परियोजनाओं से हरियाणा का स्वास्थ्य, रेल और पर्यटन सेक्टर और समृद्ध होगा।

## मणिपुर में फिर बवाल

# भीड़ ने डीसी और एसपी के दफ्तर जलाए, इंटरनेट सेवा बंद



इंफाल ,मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में हिंसक भीड़ ने रात उपायुक्त (डीसी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और अन्य सरकारी कार्यालयों पर हमला किया और उन्हें जलाने की कोशिश की, जिसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मणिपुर सरकार ने जिले में पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाओं को निलंबित करने का आदेश दिया। मणिपुर पुलिस ने संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के साथ काम करने और मैतेई ग्रामीणों पर हमला करने के आरोप में चुराचांदपुर थाने में तैनात सियामलालपॉल नामक हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। गौरतलब है कि सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें उसने कुकी उग्रवादियों के साथ मिलकर हमला करते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस ने कहा कि निलंबन आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए भीड़ गुरुवार रात को एकत्र हुई। भीड़ हिंसक हो गई और डीसी तथा एसपी कार्यालयों में सरकारी बुनियादी ढांचे को जला दिया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने कहा कि रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) और पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। गतिरोध में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर पोस्ट में कहा, "लगभग 300–400 की संख्या में आई भीड़ ने आज एसपी, सीसीपी के कार्यालय पर धावा बोलने, पथराव आदि करने का प्रयास किया। आरएएफ सहित एसएफ (सुरक्षा बल) आंसू गैस के गोले दागकर उचित जवाब दिया। उल्लेखनीय है कि मणिपुर 03 मई, 2023 को कुकी समूदाय के लोगों की हिंसक भीड़ ने सरकारी कार्यालयों को जला दिया और दूसरे जातीय समूह के लोगों पर हमला किया।

## विधानसभा में शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली , आम आदमी पार्टी के विधायकों को खरीदने के आरोप लगाने के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में अपना बहुमत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव पेश किया। इस विश्वास प्रस्ताव पर शनिवार को चर्चा होगी। इससे पहले सीएम केजरीवाल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विधानसभा में आज मैं विश्वास मत रखूंगाह्न। हालांकि प्रस्ताव लाने के बाद स्पीकर ने इस पर चर्चा शनिवार के लिए स्थगित कर दी। केजरीवाल ने इससे पहले मार्च 2023 और अगस्त 2022 में विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया था। उधर, शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा के स्पीकर ने सदन से भाजपा के 8 में से 7 विधायकों को बजट सेशन से सस्पेंड कर दिया है। इसमें नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी भी शामिल हैं।स्पीकर ने कहा कि सस्पेंड किए गए विधायकों ने एक दिन पहले गुरुवार को रुत्र के अभिभाषण को रोकने की कोशिश की थी। वे चाहते थे कि केजरीवाल पर जुबानी हमला किया जाए। स्पीकर ने मामले को प्रिविलेज कमेटी के पास भी भेजा है। अहम बात यह है कि दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र के दौरान उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के समय बीजेपी विधायकों ने व्यवधान डाला था।

### चुनाव आयोग के फैसले से शरद पवार नाखुश, खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वो शरद पवार की याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। दरअसल, पवार ने हाल ही में चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है। बता दें कि बीते दिनों आयोग ने डिप्टी सीएम अजीत पवार के गुट वाले एनसीपी को असली एनसीपी बताया था और उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी आवंटित किया था। इस पर शरद पवार ने आपत्ति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ से मांग की है कि वो इस मामले को सूचीबद्ध करें। सिंघवी ने कहा कि अगर इस सप्ताह के अंत में शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में शरद पवार गुट को पार्टी व्हिप के अधीन किया गया तो एक अजीब स्थिति पैदा हो जाएगी। उन्होंने कहा, हमारी स्थिति उद्धव ठाकरे से भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो जाएगी, क्योंकि अभी तक हमें कोई चुनाव चिन्ह आवंटित नहीं किया गया है। अजित पवार को प्रतिवादी बनाने की याचिका शरद पवार ने 12 फरवरी को वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से दायर की थी। बता दें कि अजित पवार गुट पहले से ही इस मामले में कैविएट याचिका दाखिल कर चुका है।

# चुनाव में काले धन के इस्तेमाल की बढ़ी आशंका के मद्देनजर चुनाव आयोग सतर्क




नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से असंवैधानिक करार दिए जाने के बाद अब सत्ता के गलियारे में इस बार के चुनाव में काले धन का इस्तेमाल बढ़ने की चर्चा शुरू हो गई है। अटकल लगाई जा रही है कि वर्ष 2017 से पहले जिस प्रकार से चुनाव के दौरान काले धन का इस्तेमाल होता था, वह व्यवस्था फिर से वापस आ सकती है।

अनाम स्रोत से आएगा 80 से 90 फीसद चंदा

दरअसल पूर्व की तरह चंदा का 80–90 फीसद फिर से अनाम स्रोत से ही आएगा। सूत्रों के मुताबिक चुनावी बॉन्ड लाने के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य था कि चुनाव में खर्च होने वाला पैसा काला धन न हो। लोग बॉन्ड खरीदकर पार्टियों को देते थे। वर्ष 2017 से पहले चुनाव में उम्मीदवार की तरफ से कोई दूसरा या तीसरा व्यक्ति उनके विज्ञापन से लेकर अन्य खर्च का जिम्मा ले लेता था और अपने काले धन का इस्तेमाल उसमें करता था। फंडिंग करने वालों को कई बार स्थानीय स्तर उन नेताओं से खतरा भी मोल लेना पड़ता था जिनके लिए वे खर्च नहीं करते थे। चुनावी बॉन्ड के जरिए फंड देने वालों के नाम की गोपनीयता से उन्हें स्थानीय स्तर पर किसी दूसरे नेता या पार्टी से कोई खतरा नहीं रहता था। चुनावी बॉन्ड से फंड करने वाले सीधे तौर पर राजनीतिक पार्टी को पैसा दे रहे थे न कि किसी किसी नेता को। इसलिए दान करने वाले सुरक्षित थे।

चुनावी बॉन्ड असंवैधानिक

चुनावी बॉन्ड इस आधार पर असंवैधानिक करार दिया गया कि इसमें मतदाताओं को फंडिंग के स्रोत की जानकारी नहीं मिलती है। लेकिन दूसरा पहलू यह भी है कि बेनाम स्रोत से मिलने वाले फंड में भी मतदाताओं को इसकी जानकारी नहीं मिलती है कि वहां किसने दिया। सूत्रों का कहना है कि अगले महीने के दूसरे सप्ताह तक लोक सभा चुनाव की घोषणा हो सकती है, इसलिए चुनाव में काले धन के इस्तेमाल को रोकने के लिए सरकारी तंत्र पूरी तरह से सतर्क हो गई है और तकनीक के माध्यम से भी नजर रखी जाएगी।

# पंचायतों के सशक्तिकरण को 15वें वित्त आयोग से प्रदेश को मिले 1651 करोड़ : महाराज



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रपुर : पंचायतों के विकास और सशक्तिकरण के लिए 15वें वित्त आयोग से प्रदेश को अब तक टाइट फंड से 933 करोड, अनटाइट फंड से 718 करोड़ सहित कुल 1651 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। उक्त बात प्रदेश के पंचायतीराज एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने स्थानीय गांधी पार्क में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत कुमाऊं मंडल के निर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों की 16, 17 फरवरी दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था आम ग्रामीण जनता की लोकतंत्र में प्रभावी भागीदारी का सशक्त माध्यम है। 73वें संविधान संशोधन द्वारा एक सुनियोजित पंचायतीराज व्यवस्था स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस संशोधन अधिनियम के जरिये संविधान में 11वीं अनुसूची जोड़ते हुए 29 विषय त्रिस्तरीय पंचायतों को हस्तान्तरित करने का अधिदेश प्राप्त हुआ। श्री महाराज ने कहा कि जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्ग दर्शन में सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के उत्थान के लिए चलायी जा रही विभिन्न विकास योजनाओं के सफल संचालन के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार समाप्ति के लिए संकल्पबद्ध है। इसी उद्देश्य से क्षेत्र पंचायत प्रमुखों एवं जिला पंचायत अध्यक्षों का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से किये जाने हेतु हमारी सरकार के द्वारा संविधान के अनुच्छेद 243 के अन्तर्गत संशोधन किये जाने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। राज्य में बढ़ते प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन हेतु 95 विकास खण्डों में 85 कॉम्पैक्टर्स स्थापित किये गये हैं। इनमें अधिकांश अपना काम सुचारू रूप से कर रहे हैं। सरकार ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने की भी पहल की है। इसके तहत ग्राम पंचायतों की खाली भूमि पर पार्किंग बनाने, कूड़ा करकट, गंदगी आदि को हर घर से एकत्र करने, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट करने, सड़कों की सफाई, मृतक पशुओं को हटाने, कूड़ादान, व्यक्तिगत व सामुदायिक कूड़ा निस्तारण आदि के लिए निर्धारित शुल्क वसूल कर पंचायतों की आय में वृद्धि होगी। पंचायतीराज मंत्री श्री महाराज ने कहा कि दो वर्षों में हमारी सरकार में 1250 पंचायत भवनों का निर्माण किया है और लगभग 400 का कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है। पंचायत भवनों में सी.एस.सी. सेंटर के रूप में अब तक 250 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जा चुका है। इन भवनों में सेवा का अधिकार अधिनियम में अधिसूचित सेवाओं, जैसे जन्म-मृत्यु पंजीकरण, परिवार रजिस्टर पंजीकरण, शुद्धिकरण, परिवर्धन व प्रतिलिपि निर्गमन, शौचालय प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि के साथ-साथ सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत् विभिन्न विभागों की सेवाएं नियत समयावधि के अन्तर्गत जन सामान्य को सुलभ कराई जा रही हैं। राज्य सेक्टर योजना तथा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अन्तर्गत कुल 1000 ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर की स्थापना का कार्य किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मसूरी हिल स्टेशन के समीप विकास खण्ड सहसपुर की क्यारकुली भट्टा ग्राम पंचायत में लगभग 15 करोड़ की लागत से ह्ममल्टीलेवल पार्किंग के साथ कैफेरियाह्न के निर्माण हेतु कार्यवाही चल रही है। इस वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर, 2023 एवं माह जनवरी-फरवरी 2024 तक लगभग 70 हजार निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ रेखीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ग्रामीण नियोजन, सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेनू गंगवार, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला मंत्री अमित नारंग, ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर संभल, सदस्य जिला पंचायत जगदीश विश्वास, पंचायतीराज विभाग के संयुक्त निदेशक राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी/जिला पंचायतराज अधिकारी गौरव पाण्डेय, मनीष बिष्ट, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह आदि उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

### गैरसैंण से बढ़ी दूरियां

उत्तराखंड का बजट सत्र शुरू होने से पूर्व विधानसभा स्थल को लेकर राजनीति एक बार फिर गरमाने लगी है। इस बार कांग्रेस ने सरकार को सीधे तौर पर आधे हाथों लेते हुए ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में बजट सत्र न करने पर सवाल खड़े किए हैं। हालांकि कहा तो यह भी जा रहा है कि ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में बजट सत्र में करने का समर्थन करने वालों में खुद कांग्रेस के भी कुछ विधायक शामिल है जिनके खिलाफ जवाब मांगने की तैयारी भी की जा रही है। बता दे कि उत्तराखंड राज्य गठन के दौरान गैरसैंण को राजधानी बनाने के मुद्दे ने काफी जोर पकड़ा था और इसी मुद्दे को लेकर उत्तराखंड राज्य की लड़ाई भी लड़ी गई थी, लेकिन राज्य गठन के बाद गैरसैंण के मसले को सभी सरकारों ने ठंडे बस्ते पर डाल दिया और उत्तराखंड को अस्थाई राजधानी घोषित करते हुए यहीं पर डेरा जमा लिया। स्थिति या हो गई की गैरसैंण में भव्य विधानसभा भवन तो बना लेकिन यह अब केवल शोपीस से अधिक कुछ नजर नहीं आता। सरकार और विधायक यहां जाने को तैयार नहीं है। इधर कांग्रेस को भी अब ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में बजट सत्र न करने में एक मुद्दा नजर आने लगा है और उन्होंने इसे राज्य आंदोलन के शहीदों का अपमान बताते हुए सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। देखा जाए तो विधायक गैरसैंण चढ़ने को तैयार ही नहीं है और हालत यह हो गई है की गैरसैंण में बजट सत्र करने के लिए सरकार को विधायकों के हस्ताक्षर करने पड़ रहे हैं जिसमें विधायकों ने भी गैरसैंण को एक सिरे से ना करते हुए देहरादून में ही बजट सत्र बुलाने पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। गैरसैंण के नाम पर यदि इसी प्रकार की राजनीति और अनदेखी करनी थी तो करोड़ों रुपए लगाकर भराड़ीसैंण में विधानसभा भवन बनाने की जरूरत ही क्या थी? कांग्रेस का कहना है कि भाजपा के कार्यकाल में लगातार गैरसैंण में विधानसभा सत्र से अनदेखा किया जा रहा है जबकि उनकी सरकार ने गैरसैंण में टेंट में भी सत्र चलाया और अवस्थापना विकास की नींव रखी। आज भराड़ीसैंण में विधानसभा का भव्य भवन बना है लेकिन ऐसा नहीं है कि सरकार ने विधानसभा सत्र को लेकर इसी समय अनदेखी करने का फैसला लिया है बल्कि इससे पूर्व भी गैरसैंण में आयोजित किए गए सत्र समय से पहले ही समाप्त किए गए हैं। भाजपा सरकार ने ही 2022 में विधानसभा चुनाव से पहले गैसों को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने की घोषणा की थी लेकिन इसी भाजपा के कार्यकाल में सत्र आयोजित करने या ना करने के लिए विधायकों से हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। यह बेहद दुर्घटना के पूर्ण है कि जिस मुद्दे को लेकर अलग उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया है उससे जुड़ी जन भावनाओं के अनुरूप कोई भी सरकार चलने को तैयार ही नहीं है। गैरसरण को महज एक झुनझुना बनाकर छोड़ दिया गया है जिसे खुद विधायक भी बजाने को तैयार नहीं है।

# क्यों किसानों की मांगे नहीं मानते?

**अजीत द्विवेदी**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए तीनों कृषि कानून वापस लेने का ऐलान किया तब ऐसा लगा था कि सरकार को सबक मिल गया है। सरकार ने समझ लिया है कि किसानों से टकराने या उन्हें आजमाने का कोई मतलब नहीं है। लेकिन एक बार फिर किसान आंदोलन पर उतरे है तो वही सारी तिकड़में आजमाई जा रही हैं। किसानों से दिखावे की बातचीत हुई है, जैसी बातचीत तब होती थी। किसान नेताओं के ट्विटर हैंडल बंद कराए गए हैं। पंजाब से लगती हरियाणा की सीमा पर ऐसी बाड़ेबंदी की गई है, जैसी भारत पाकिस्तान की सीमा पर नहीं है। सड़कों पर कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी गई हैं। लोहे की बड़ी बड़ी कीलें सड़कों पर लगाई गई हैं। कंटेनर लगा कर सड़कों को बंद किया गया है। किसानों के ऊपर ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। दिल्ली की सीमा भी चारों तरफ से बंद कर दी गई है। सोचें, किसान ऐसा क्या कर रहे है कि उनके लिए इस तरह से उपाय करने की जरुरत है? किसान उन्हीं मांगों को तो दोहरा रहे हैं, जिनको सरकार ने नवंबर 2021 में मान लिया था। उस समय सरकार ने किसानों से कई वादे किए थे लेकिन एक बार आंदोलन खत्म होने के बाद जब किसानों की मांगें पूरी करने की बारी आई तो टालमटोल का दौर शुरू हो गया। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की किसानों की मांग पर एक कमेटी बना दी गई।**

ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार ने एक साल तक चले किसान आंदोलन का सबक भुला दिया है। तभी वह एक बार फिर किसान आंदोलन को रोकने और किसानों को दबाने के लिए उन्हीं उपायों का सहारा ले रही है, जिनका इस्तेमाल 2020-21 के किसान आंदोलन के समय किया गया था। तब किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए रास्ते बंद किए गए। फोन और इंटरनेट पर पाबंदी लगाई गई। किसानों को बदनाम करने के लिए एक पूरा इकोसिस्टम विकसित किया गया, जिसने किसानों और उनसे सहानुभूति रखने वालों को देशद्रोही ठहराया। किसानों को विदेश से फंडिंग मिलने और भारत विरोधी टूलकिट से मदद मिलने की बातें प्रचारित करके उनको बदनाम करने का प्रयास किया गया। इन सबका कुल जमा नतीजा यह था कि किसान एक साल तक सडक़ पर लड़ते रहे, जिसमें सात सौ किसानों की जान गई और अंत में केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े।

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए तीनों कृषि कानून वापस लेने का ऐलान किया तब ऐसा लगा था कि सरकार को सबक मिल गया है। सरकार ने समझ लिया है कि किसानों से टकराने या उन्हें आजमाने का कोई मतलब नहीं है। लेकिन एक बार फिर किसान आंदोलन पर उतरे हैं तो वही सारी तिकड़में आजमाई जा रही हैं। किसानों से दिखावे की बातचीत हुई है, जैसी बातचीत तब होती थी। किसान नेताओं के ट्विटर हैंडल बंद कराए गए हैं। पंजाब से लगती हरियाणा की सीमा पर ऐसी बाड़ेबंदी की गई है, जैसी भारत पाकिस्तान की सीमा पर नहीं है। सडक़ों पर कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी गई हैं। लोहे की बड़ी बड़ी कीलें सडक़ों पर लगाई गई हैं। कंटेनर लगा कर सडक़ों को बंद किया गया है। किसानों के ऊपर ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। दिल्ली की सीमा भी चारों तरफ से बंद कर दी गई है।

सोचें, किसान ऐसा क्या कर रहे हैं कि उनके लिए इस तरह से उपाय करने की जरुरत है? किसान उन्हीं मांगों को तो दोहरा रहे हैं, जिनको सरकार ने नवंबर 2021 में मान लिया था। उस समय सरकार ने किसानों से कई वादे किए थे लेकिन एक बार आंदोलन खत्म होने के बाद जब किसानों की मांगें पूरी करने की बारी आई तो टालमटोल का दौर शुरू हो गया। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की किसानों की मांग पर एक कमेटी बना दी गई। कमेटी की रिपोर्ट का क्या हुआ किसी को पता नहीं है लेकिन इतना पता है कि किसान सरकार की पहल से संतुष्ट नहीं हैं और न सहमत हैं। तभी एक बार फिर उनको उसी मांग के लिए सडक़ पर उतरना पड़ा है, जिसे मानने का वादा सरकार ने दो साल पहले किया था।

किसान चाहते हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाए। इसके जवाब में सरकार और इसके इकोसिस्टम की ओर से समझाया जाता है कि अब तो निजी कारोबारी एमएसपी से ज्यादा कीमत पर अनाज खरीद रहे हैं। इसके आंकड़े भी पेश किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि कहां निजी कारोबारियों ने एमएसपी से कितनी ज्यादा कीमत पर अनाज की खरीद की, उस कारोबारी ने किसानों को कितनी सुविधाएं दीं और उसके भुगतान का सिस्टम कितना अच्छा है। सवाल है कि जब खुले बाजार में एमएसपी से ज्यादा कीमत पर अनाज की खरीद फरोख्त हो रही है किसान सरकार से ज्यादा निजी कारोबारियों को अनाज बेच रहे हैं तो सरकार को एमएसपी को कानूनी दर्जा देने में क्या दिक्कत है? सरकार कानूनी दर्जा दे दे कि एमएसपी से



कम कीमत पर अनाज की खरीद फरोख्त गैरकानूनी होगी।

सरकार ऐसा नहीं कर रही है इसका मतलब है कि पूरे मामले में कोई पेंच है। असल में यह बाजार की तिकड़म होती है कि शुरू में आकर्षित करने के लिए बेहतर डील दो और उसके बाद मनमानी करो। किसानों को आशंका है कि निजी कारोबारियों के खरीद का सिस्टम इसी तरह से चलता रहा तो थोड़े समय में सरकारी खरीद का सिस्टम बिगड़ जाएगा और बंद कर दिया जाएगा। तब किसान कारोबारियों के हवाले हो जाएगा और फिर कारोबारी मनमानी करेंगे। अगर सरकार एमएसपी को कानूनी दर्जा दे देगी तो भले सरकारी खरीद का सिस्टम बंद हो जाए लेकिन बाजार में किसानों का अनाज अच्छी कीमत पर बिकेगा। तभी सरकार को किसानों की इस मांग पर ध्यान देना चाहिए।

एमएसपी से ही जुड़ी उनकी यह भी मांग है कि एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के साथ साथ सभी उपज की एमएसपी तय हो और एमएसपी निर्धारित करने के लिए एमएस स्वामीनाथन फॉर्मूले का इस्तेमाल किया जाए। केंद्र सरकार ने हाल ही में एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया है। निश्चित रूप से वे इस सम्मान के हकदार थे और बहुत पहले उनको यह सम्मान मिलना चाहिए था। देर से ही सही लेकिन उन्हें भारत रत्न मिल गया तो अब सरकार को उनकी ओर से तय किए गए फॉर्मूले पर एमएसपी तय करना चाहिए। सरकारें बार बार स्वामीनाथन फॉर्मूले की चर्चा भी करती हैं। लेकिन उसके हिसाब से किसानों को अनाज की कीमत नहीं देना चाहती हैं। सरकार को अब इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए कि खाद, बीज के दाम और सिंचाई में होने वाले खर्च के साथ साथ फसल को मंडी तक पहुंचाने के खर्च और किसान परिवार के सदस्यों की मजदूरी और जमीन के किराए को शामिल करके लागत तय हो और उसके ऊपर एक निश्चित मुनाफा तय किया जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों कहा कि वे मानते हैं कि देश में चार जातियां हैं। उन्होंने महिला, गरीब और युवा के साथ चौथी जाति के तौर पर किसान को शामिल किया।

सवाल है कि क्या वे इस जाति के लिए कुछ सोच रहे हैं? उन्होंने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा की थी। आज 2024 में सरकार और सरकारी दल भी यह दावा नहीं कर रहे हैं कि किसानों की आय दोगुनी हो गई। उलटे कृषि लागत बढ़ती गई है, जिससे किसान की कमाई खत्म हो गई है। अगर सचमुच प्रधानमंत्री किसानों को एक जाति मान रहे हैं और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं तो स्वामीनाथन फॉर्मूले के आधार पर सभी फसलों की एमएसपी तय की जाए और एमएसपी को कानूनी रूप दिया जाए ताकि किसी स्थिति में किसान के साथ धोखाधड़ी न हो पाए।

इसके अलावा किसान पेंशन की मांग भी कर रहे हैं और यह मांग भी जायज है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों के लिए तीन हजार रुपए पेंशन की योजना घोषित की। सरकार ने तय किया कि 60 साल से ऊपर की आयु के सीमांत व लघु किसानों को तीन हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगी। इसमें महिला और पुरुष दोनों किसान शामिल होंगे। केंद्र सरकार को इस मॉडल के बारे में सोचना चाहिए और राज्यवार किसानों की आमदनी के हिसाब से पेंशन की राशि तय करनी चाहिए।

इस बार किसान आंदोलन इस मायने में अलग है कि इस बार इसमें मजदूरों को भी शामिल किया गया है और उनके लिए न्यूनतम मजदूरी की सीमा बढ़ाने के साथ साथ मनरेगा के तहत दो सौ दिन की रोजगार गारंटी की भी मांग की गई है। यह ध्यान रखने की बात है कि किसानों की बड़ी आबादी अब कृषि मजदूर में तब्दील हो गई है इसलिए किसानों के साथ उनके हितों का जुडऩा एक स्वाभाविक घटनाक्रम है। सो, इस बार आंदोलन का दायरा बड़ा हो गया है। इसलिए सरकार को भी सोच बड़ी करके इस आंदोलन के बारे में विचार करना चाहिए।

### राज्यसभा की सीट पर असर नहीं

महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोडऩे के बाद इस बात की चर्चा हो रही है कि राज्य में कांग्रेस को मिलने वाली राज्यसभा की एक सीट संकट में पड़ सकती है। असल में महाराष्ट्र में राज्यसभा की छह सीटें खाली हो रही हैं, जिनमें 104 विधायकों वाली भाजपा को तीन सीटें मिलेंगी। शिव सेना का दावा है कि उसके 39 विधायक हैं तो एक सीट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास जाएगी और 41 विधायकों वाले अजित पवार यानी असली एनसीपी को एक सीट जाएगी। कांग्रेस के 43 विधायक हैं। इसलिए छठी सीट कांग्रेस को मिलेगी। लेकिन कहा जा रहा है कि अशोक चव्हाण के जाने के बाद उनके साथ कई विधायक चले जाएंगे, जिससे कांग्रेस की एक सीट जीतने की उम्मीद खत्म हो जाएगी।लेकिन असल में ऐसा नहीं है। पहला सवाल तो यही है कि क्या कांग्रेस के विधायक टूटेंगे या कुछ पूर्व विधायक आदि जाएंगे? ध्यान रहे 288 सदस्यों वाली विधानसभा में राज्यसभा की छह सीटों का मतलब है कि एक सीट जीतने के लिए 43 वोट की जरुरत होगी। इसका मतलब है कि भाजपा को तीसरी सीट जीतने के लिए 25 अतिरिक्त वोट की जरुरत होगी।

# अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्काराज



ब्यूनस आयर्स, कालीस अल्काराज ने अर्जेंटीना के क्वालीफायर कैमिलो उगो काराबेली के खिलाफ अर्जेंटीना ओपन के पहले मैच में सीधे सेटों में जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे स्पैनियार्ड ने गुरुवार रात दूसरे मैच में दो मैच प्वाइंट गंवाने के बाद 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की।

अल्काराज का अगला मुकाबला क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी से होगा जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त इटली के लास्लो जेरे को 6-4, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।अल्काराज ने मैच के बाद एटीपी टूर के हवाले से कहा, यह वास्तव में एक कठिन मैच रहा है। मैच में उसे हराना वास्तव में कठिन था। मैं सच बताऊं तो उसके प्रति फैंस का समर्थन देखकर मैं घबरा गया था।

पिछले सीजऩ में बार्सिलोना और एटीपी मास्टर्स 1000 में घरेलू खिताब बरकरार रखने के बाद स्पेनिश शीर्ष वरीय अपने करियर में तीसरी बार खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।इससे पहले एटीपी 250 में अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैमरून नोरी को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। अपनी चौथी शीर्ष 20 जीत और 2022 के बाद पहली अर्जित करके, घरेलू पसंदीदा अपने 12वें टूर-स्तरीय क्वार्टरफाइनल में आगे बढ़ गया।कोरिया का अगला मुकाबला अपने ही देश के सेबेस्टियन बाएज़ से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त कॉर्डोबा चैंपियन लुसियानो डार्डेरी को 6-4, 7-5 से हराया, जिससे इतालवी खिलाड़ी की छह मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया।

### भारतीय महिलाओं ने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग को हराया, पहला पदक पक्का किया

शाह आलम, भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग को 3-0 से हराकर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का कर लिया। शीर्ष शटलर ने चोट के बाद वापसी करते हुए अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए लो सिन यान हैप्पी को 21-7, 16-21, 21-12 से हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी।

अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की युगल जोड़ी ने युंग नगा टिंग और युंग पुई लैम पर सीधे गेमों में 21-10, 21-14 से जीत दर्ज करके बढ़त दोगुनी कर दी।फिर, अश्मिता चालिहा ने युंग सुम यी पर 21-12, 21-13 से जीत के साथ ताबूत में आखिरी कील ठोक दी और टीम के लिए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

पदक पक्का, भारत अब शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान और चीन के बीच दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेगा।

द्विवार्षिक महाद्वीपीय टीम चैंपियनशिप का 2024 संस्करण अप्रैल-मई में चीन के चेंगदू में होने वाले 2024 थॉमस और उबेर कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा। भारत थॉमस कप का वर्तमान धारक है।

बीएटीसी 2024 मूल्यवान रेस टू पेरिस 2024 रैंकिंग अंक भी प्रदान करता है, जो आगामी ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक शटलरों के लिए महत्वपूर्ण होगा।

# रिलीज से पहले ही सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा ने बनाया रिकॉर्ड, आसमान में रिलीज हुआ फिल्म का पोस्टर

सिद्धार्थ मल्होत्रा पिछले लंबे समय से अपनी मचअवेटेड फिल्म योद्धा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. वहीं अब फिल्म का पोस्टर सामने आ चुका है. मूवी के इस नए पोस्टर को बेहद रोमांचक तरीके से रिलीज किया गया है.इसका एक वीडियो फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम अकाफंट पर शेयर किया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरफ से आसमान में फिल्म का पोस्टर जारी किया गया है. बता दें कि फिल्म का पोस्टर को 13 हजार फीट की ऊंचाई से दुबई में लॉन्च किया गया है.वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग पोस्टर को लेकर प्लेन के अंदर जाते हैं और फिर पोस्टर को लेकर प्लेन से छलांग मारते



हं. इसके बाद पोस्टर खुलता है और फिल्म के हीरो का लुक सामने आता है. बता दें कि हिंदी सिनेमा में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी फिल्म का पोस्टर इतनी उचाई से लॉन्च किया गया हो.वहीं इस नए पोस्टर के साथ एक्टर ने फिल्म के टीजर की घोषणा भी कर दी है. 19 फरवरी को फिल्म का टीजर जारी किया जाएगा. वहीं सिद्धार्थ का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है. पोस्ट पर कमेंट्स का बाढ़ आ गई है. फैंस उनके इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं. बता दें कि 13 मार्च को ये फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी.फिल्म में एक ऐसा योद्धा की कहानी दिखाई गई है, जो एयरप्लेन हाईजैक करने वाले आतंकियों के खिलाफ लड़ता है और प्लेन मैं मौजूद सभी पैसेंजर को सही सलामत वापस लेकर आता है. वहीं इस योद्धा के किरदार में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आएंगे,

## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 50 करोड़ रुपये की ओर, छठे दिन कमाई में आया बंपर उछाल

शाहिद कपूर और कृति सैनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया इन दिनों सिनेमाघरों में है और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है।फिल्म रोमांटिक कॉमेडी है। लिहाजा कयास लगाए जा रहे थे कि वैलेंटाइन डे के मौके पर इसकी कमाई में अच्छा इजाफा होगा और हुआ भी वैसा ही।फिल्म ने अपनी रिलीज के छठे दिन बढिय़ा कारोबार किया।आइए जानते हैं अब तक यह फिल्म देशभर में कितनी कमाई कर चुकी है।



फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 6.7 करोड़ रुपये के साथ शुरुआत की थी। इसके बाद दूसरे दिन 9.65 करोड़ रुपये और तीसरे दिन फिल्म ने 10.75 करोड़ रुपये कमाए, लेकिन चौथे दिन फिल्म ने 3.65 करोड़ की कमाई की। 5वें दिन इस फिल्म ने 3.85 करोड़ रुपये की कमाई की। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने वैलेंटाइन डे यानी छठे दिन 6.75 करोड़ रुपये छापे। मतलब कि बीते दिन के मुकबले दोगुनी कमाई की।

अब इस फिल्म ने भारत में 41.35 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। उधर दुनियाभर में फिल्म की कमाई 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है।फिल्म की कहानी एक रोबोट की है। ये रोबोट कृति हैं, जिनसे शाहिद को प्यार हो जाता है। इसके बाद वह अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए इसे अपने परिवार के पास लेकर जाता है। फिर क्या कुछ होता है, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने 9 फरवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था।

### क्राइम सीरीज पोचर का धमाकेदार ट्रेलर हुआ रिलीज, 23 फरवरी को प्राइम वीडियो पर होगा प्रीमियर

पिछले दिनों एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने एक टीजर रिलीज किया था जिसमें वो हैरान परेशान नजर आ रही थीं. वीडियो में आलिया कहती हैं कि जानवर को मारो या इंसान को मारो मर्डर तो मर्डर ही होता है. उस फिल्म का नाम पोचर है जिसका ट्रेलर आज यानी 15 फरवरी को रिलीज कर दिया गया है. इस फिल्म के प्रोड्यूसर्स में एक आलिया भट्ट भी हैं, अब वो पूरी फिल्म में हैं या सिर्फ कैमियो है ये समय बताएगा फिलहाल आप इस फिल्म का ट्रेलर देख लें. एमी पुरस्कार विनर निर्माता रिची मेहता की फिल्म पोचर का ट्रेलर आ गया है. ये एक वेब सीरीज है जिसमें हांथी दांत के सबसे बड़े गिरोह को दिखाया गया है. पोचर को रिची मेहता और क्यूस एंटरटेनमेंट मिलकर बनाए हैं और फिल्म का ट्रेलर काफी जबरदस्त है. आलिया भट्ट ने फिल्म पोचर का ट्रेलर प्राइम वीडियो इंडिया के साथ शेयर किया है. इसके कैप्शन में लिखा गया, भारत के सबसे बड़े क्राइम रैकेट की सबसे बड़ी कहानी. पोचर प्राइम पर, एक नई, ओरिजनल क्राइम सीरीज 23 फरवरी से स्ट्रीम करेगी.

# केन विलियमसन 18,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बने, बनाए कई रिकॉर्ड

नईदिल्ली, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार शतक (133*) लगाया।उन्होंने हैमिल्टन टेस्ट की चौथी पारी में अपने करियर का 32वां शतक लगाया।इसके साथ विलियमसन ने अपनी पारी के दौरान एक महत्वपूर्ण भी उपलब्धि हासिल की।दरअसल, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने 18,000 रन पूरे किए। वह ऐसा करने वाले न्यूजीलैंड के केवल दूसरे खिलाड़ी बने हैं।जीत के लिए मिले 267 रन का पीछा करते हुए जब मेजबान टीम ने 40 रन पर अपना पहला विकेट खोया था, तब विलियमसन क्रीज पर आए।उन्होंने मेहमान टीम की अनुभवहीन गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाया।शुरुआत में धीमी गति से बल्लेबाजी करने वाले विलियमसन ने 112 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने विल यंग (60*) के साथ मिलकर 152 रन की अटूट साझेदारी भी की।वह 260 गेंदों पर 133 रन बनाकर नाबाद रहे।विलियमसन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18,000 रन पूरे करने वाले सिर्फ दूसरे कीवी खिलाड़ी बने हैं। उनके अब 352 मैचों में 48.71 की औसत से 18,023 रन है।न्यूजीलैंड से सभी प्रारूप को मिलाकर उनसे ज्यादा रन सिर्फ रॉस टेलर (18,199) ने बनाए हैं। इस संबंध में न्यूजीलैंड के किसी अन्य बल्लेबाज के नाम 16,000 रन भी नहीं हैं।न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग 15,289 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ सूची में अगले स्थान पर हैं।

अपने शतक के साथ विलियमसन चौथी पारी में 1,000 से अधिक रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले टेलर (1,052) ऐसा कर चुके हैं।विलियमसन को चौथी पारी में अब 57.77 की औसत के साथ 1,040 रन हो गए हैं।इस बीच चौथी पारी में कम से कम 1,000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में विलियमसन का औसत भारत के सुनील गावस्कर (58.25) और इंग्लैंड के जेफ्री बॉयकॉट (58.76) के बाद तीसरे स्थान पर है।टेस्ट की चौथी पारी में विलियमसन का यह 5वां शतक रहा। उन्होंने पाकिस्तान के यूनिस खान की, जिन्होंने चौथी पारी में इतने ही शतक के साथ अपना करियर खत्म किया था।इस संबंध में न्यूजीलैंड का कोई भी अन्य बल्लेबाज 2 से अधिक शतक नहीं लगा सका है।

## अजय देवगन की शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो हुआ रिलीज, फैमिली संग खूबसूरत पल एंजॉय करते दिखें एक्टर

बॉलीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन इस साल की अपनी पहली फिल्म शैतान को लेकर खूब चर्चा में बने हुए हैं. हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला. वहीं अब मेकर्स ने फिल्म का नया गाना खुशियां बटोर लो रिलीज किया है.

इस सॉन्ग को अजय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर किया है, जहां वह अपनी हैप्पी फैमिली के संग क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं इस गाने को शेयर करते हुए अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा कि जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत होता है... बता दें कि इस खूबसूरत गाने को जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी है. तो वहीं इसके बोल कुमार ने लिखे हैं और अमित त्रिवेदी ने इसका म्यूजिक दिया है.

अजय देवगन के अलावा फिल्म में आर. माधवन और ज्योतिका अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. विकास बहल के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें आर माधवन एक खतरनाक विलेन के किरदार में लोगों को डराते हुए नजर आने वाले हैं.वहीं जबसे फिल्म का रोंगटे खड़े कर देने वाली टीजर सामने आया है, फैंस अजय की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. टीजर को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा था कि वो पूछेगा तुमसे...एक



खेल है, खेलोगे? पर उसके बहकावे में मत आना! बता दें कि ये फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

वहीं अजय देवगन के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस साल अभिनेता अपनी कई सारी फिल्मों के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार हैं.

# आशा कार्यकत्रियों ने की हड़ताल, सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : आशा कार्यकत्रियों को सरकारी कर्मचारी घोषित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकत्रियों ने तहसील में धरना दिया। एक दिवसीय हड़ताल पर डटी आशा कार्यकत्रियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर अंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है। कहा कि पूर्व में दिए गए आश्वासन के बाद भी अब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है। जिससे आशा कार्यकत्रियों में आक्रोश व्याप्त है।



कोटद्वार तहसील में विभिन्न मांगों को लेकर धरना देती आशा वर्कर्स

शुक्रवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर उत्तराखंड स्वास्थ्य आशा कार्यकत्री यूनियन के बैनर तले आशाएं तहसील परिसर में एकत्र हुई। यहां से उन्होंने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि प्रसव जन्म मृत्यु दर को रोकने के लिए आशा वर्कर्स लगातार अपना योगदान दे रही हैं। प्रसव से लेकर टीकाकरण तक का कार्य वह पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रही हैं। बावजूद सरकार लगातार उनकी अनदेखी कर ही है। आशा वर्कर्स ने निर्मित वेतन देकर उन्हें सरकारी कर्मचारी का अधिकार देने, सेवानिवृत्त होने पर पेंशन का लाभ देने, रिटायरमेंट पर दस लाख रुपये का भुगतान करने, आशाओं को भविष्य निधि व ईएसआई की सुरक्षा सुविधा देने, 46वें श्रम सम्मेलन की सिफारिश को लागू करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करने, प्रत्येक माह समय पर वेतन उपलब्ध करवाने व मानदेय को बढ़ाने की मांग उठाई। कहा कि यदि जल्द समस्याओं के निराकरण को योजना तैयार नहीं की गई तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ आंदोलन को तेज करेंगी। धरना देने वालों में नीलम कुकरेती, संगीता रावत, प्रवेश देवी, उषा देवी, कविता नेगी, इंदु देवी, मीनाक्षी चमोली, संगीता कुलाश्री, रजनी देवी, सुमन राठौर सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## एंबुलेंस में हुई महिला के मौत के मामले की जांच शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : महिला को हायर सेंटर ले जाते वक्त ऐंबुलेस में मौत के मामले में पौड़ी के डीएम ने जांच बिठा दी है। इस मामले में पौने 2 घंटे की देरी प्रथम दृष्टया सामने आई है। जिस पर डीएम ने एसडीएम थलीसैंण को इस मामले की मजिस्ट्रेटी जांच कर रिपोर्ट 15 दिनों में देने के आदेश दिए हैं।बीती 6 फरवरी को मैठाणा के ग्वीन मल्ला निवासी रेनू पत्नी अमित गौनियाल को प्रसव पीड़ा पर परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल में भर्ती करवाया था। यहां महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। लेकिन महिला की हालत बिगड़ने पर उसे हायर सेंटर रामनगर के लिए रेफर किया गया। लेकिन रामनगर से भी उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। सुशील तिवारी अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में सीएमओ पौड़ी ने भी अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंपी है। महिला को हायर सेंटर ले जाने में हुई देरी पर डीएम पौड़ी डीएम डॉ. आशीष चौहान ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसके मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश जारी कर दिए।

# परीक्षा परिणाम खराब, भड़के विद्यार्थी



सतपुली के राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक का पुतला लेकर पहुंचे विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार/सतपुली : राजकीय महाविद्यालय सतपुली ने परीक्षा नियंत्रक पर परीक्षा परिणाम जारी करने में लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि पूरी मेहनत से परीक्षा देने के बाद भी विद्यार्थियों को कम अंक दिए जा रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शुक्रवार को छात्र संघ अध्यक्ष निखिल ध्यानी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने प्राचार्य को ज्ञापन दिया। बताया कि वह पूरी मेहनत से परीक्षाएं देते है। लेकिन, हर बार उन्हें प्रदर्शन के मुकाबले कम अंक या फिर फेल कर दिया जाता है। जिससे विद्यार्थियों में काफी तनाव बढ़ रहा है। पूर्व में विद्यार्थियों ने इसकी शिकायत भी की थी। लेकिन, अब तक इस पर गंभीरता नहीं दिखाई गई। कहा कि यदि परीक्षा परिणाम में सुधार नहीं किया गया तो विद्यार्थी आंदोलन को मजबूर होंगे। पुतला दहन करने वालो में साक्षी डबराल, सुहानी, शुभम आदि मौजूद रहे।

# आईएचएमएस की ओर से आयोजित की गई करियर काउंसलिंग कार्यशाला



आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ

## छात्र-छात्राओं को दी रोजगार परक कोर्स की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में करयिर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को मास्टर डिग्री कोर्स के माध्यम से रोजगार की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. जानकी पंवार ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जरुरत है हमें उनके लिए तैयारी करने की। करियर काउंसलिंग के माध्यम से छात्रों को राह दिखाई जाती है। उन्होंने इसके लिए आईएचएमएस का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आईएचएमएस के मैनेजमेंट विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र जगवान ने एमबीए कोर्स की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एमबीए कोर्स करने के बाद छात्रों के रोजगार के अवसर अधिक मिलते हैं, वे सरकारी, गैरसरकारी और मल्टी नेशनल कंपनी में अधिकारी के पद पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

कंप्यूर साइंस विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजयश्री खुगशाल ने छात्र-छात्राओं को एमसीए कोर्स की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कोर्स को करने के बाद छात्र आईटी के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं। कहा कि आज का दौर आईटी का है, एमसीए करने के बाद छात्र कंपूटर इंजीनियर, सॉफटवेयर डेबलपर के तौर पर सरकारी से लेकर मल्टीनेशनल कंपनियों में अपना भविष्य बना सकते हैं। छात्राएं वर्क फ्राम होम कल्चर के माध्यम से भी रोजगार प्राप्त कर सकती हैं। एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजय पंत ने छात्र-छात्राओं को एचएम कोर्स की जानकारी दी।

कहा कि विदेश जाने का सबसे आसान माध्यम होटल मैनेजमेंट के कोर्स होता हैं। होटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद छात्र-छात्राएं पांच सितारा होटल और रिजार्ट में मैनेजर, रेलवे कैटरिंग में मैनेजर, अध्यापन के कार्य में अपना भविष्य बना सकते हैं। जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल ने छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के अंदर आगे बढ़ने का जज्बा होता है, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को समय के साथ चलते हुए अपने भविष्य को उज्जवल करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्याल के बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस चौहान ने छात्र-छात्राओं को करियर काउंसलिंग के महत्व की जानकारी दी। कहा कि बिना गाइडेंस के छात्र शिक्षा से भटक जाते हैं, ऐसे में करियर काउंसलिंग से उन्हें सही दिशा में शिक्षा लेने की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर महाविद्याल के प्राध्यापक डॉ. रिचा जैन, डॉ. प्रियम अग्रवाल, डॉ. एपी गुप्ता, सोमेश ढौंडियाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना चौहान ने किया।

# निबंध में नंदिनी व चार्ट प्रतियोगिता में वंशिका रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में वाणिज्य परिषद द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में नंदिनी व चार्ट प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। कहा कि लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने वालों को एक दिन अवश्य मंजिल मिलती है।


कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित चार्ट प्रतियोगिता के दौरान बनाए गए चार्टों का निरीक्षण करते निर्णायक

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य जानकी पंवार ने किया। वाणिज्य विभाग की प्रभारी प्रीति रानी ने विद्यार्थियों से महाविद्यालय में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने की सीख दी। निबंध प्रतियोगिता का विषय औद्योगिक विकास में लघु उद्योगों का योगदान था। जिसमें नंदिनी गुप्ता ने प्रथम, प्रज्वल बिष्ट ने द्वितीय व खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चार्ट प्रतियोगिता में वंशिका गुप्ता, नंदिनी गुप्ता व प्रिया डबराल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में डा. एसके गुप्ता, डा. प्रियंका अग्रवाल आदि शामिल थे। इस मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक डा. ऋचा जैन, अंशिका बंसल आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी, आशा व भोजन माताओं ने निकाली आक्रोश रैली

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : न्यूनतम वेतन 26 हजार देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी, आशा, भोजनमाता, संविदा कर्मचारियों के साथ ही श्रमिकों ने रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया।

शुक्रवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, भोजनमाता, संविदा कर्मचारियों के साथ ही सीटू से संबद्ध विभिन्न यूनियनों के कर्मचारियों ने शहर में रैली निकाली। प्रदर्शन को कांग्रेस ने भी अपना समर्थन दिया। रामलीला मैदान में आयोजित सभा में सीटू के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रांतीय सचिव मीनाक्षी रावत, शिखा कोहली, पूनम कैंथुरा आदि ने कहा कि पिछले लंबे समय से समस्याएं हल करने की मांग की जा रही है,

# अंकिता हत्याकांड: पुलकित के प्रार्थना पत्र पर 26 को सुनवाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : चर्चित अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के प्रार्थना पत्र अब सुनवाई के लिए कोर्ट ने 26 फरवरी की तिथि नियत की है। पुलकित ने अपने केस को कोटद्वार कोर्ट से ट्रांसफर किए जाने संबंधी प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर कोर्ट ने 16 फरवरी की तिथि नियत की थी। शुक्रवार को इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अब 26 फरवरी की डेट दी है।पुलकित ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोटद्वार से केस को ट्रांसफर किए जाने को लेकर चमोली जेल प्रशासन के जरिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिसे कोर्ट ने जिला एवं सत्र न्यायालय पौड़ी को भेजा था। अंकिता भंडारी हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलकित आर्य चमोली जिला कारागर में बंद है। पुलकित को पौड़ी जिला कारागार से बीती 6 अगस्त 2023 को शिफ्ट कर दिया गया था। चमोली जेल प्रशासन के माध्यम से भेजे अपने प्रार्थना पत्र में पुलकित ने कहा है कि कोटद्वार कोर्ट में निष्पक्ष न्याय मिलने की उसे उम्मीद नहीं है। इस बाबत आर्य ने प्रार्थना पत्र में कई तथ्यों का जिक्र भी किया। कहा है कि कोर्ट में 302 के कई मामले लंबित हैं, लेकिन मेरे केस में जल्दी-जल्दी तारीख लगा दी जा रही है। पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में मुझ पर जानलेवा हमला किया गया साथ ही अभद्र टिप्पणी की गई। ऐसे में उसके अंदर अत्यधिक भय और अविश्वास की भावना उत्पन्न हो गई है। ऐसा लगता है कि यह मेरे खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई हो रही है। इन सभी हालातों को देखते हुए किसी अन्य सक्षम न्यायलय में अपने केस को ट्रांसफर करने की गुहार लगाई गई।

## क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : विकास समिति काशीरामपुर तल्ला ने क्षेत्र के विकास का संकल्प लिया है। कहा कि वार्डवासियों के साथ मिलकर समिति समय-समय पर जन जागरूकता अभियान भी चलाएगी। शुक्रवार को समिति की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र के बेहतर विकास का है। इसके लिए समय-समय पर अभियान भी चलाए जाते हैं। निर्णय लिया गया कि क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। कहा कि जल्द ही क्षेत्र में सामूहिक मिलन केंद्र बनवाने की मांग को लेकर अधिकारियों से भी मुलाकात की जाएगी। इस मौके पर अध्यक्ष कुंवर सिंह रावत, सचिव सूरज प्रसाद कांति मौजूद रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता के लिए ट्रॉयल आज से

कोटद्वार : हरिद्वार में रोशनाबाद में स्थित वंदना कटारिया हाकी स्टेडियम में होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ियों का ट्रायल 17 फरवरी से प्रारंभ होगा। जानकारी देते हुए स्टेडियम इंचार्ज संदीप कुमार डुकलान ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु 20 वर्ष से कम होनी चाहिए। प्रतिभागी अपना आधार कार्ड, जन्मतिथि, मूल निवास व दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में पहुंचे।

## अपर जिलाधिकारी डा. त्रिपाठी को विदाई दी

चमोली। अपर जिलाधिकारी चमोली डॉ. अभिषेक त्रिपाठी के मुख्य विकास अधिकारी टिहरी के पद पर पदोन्नत एवं स्थानांतरित होने पर शुक्रवार को उनको विदाई दी गई। जिला सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि शासकीय कार्यों में स्थानांतरण एक नैतिक प्रक्रिया है।


**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।**
**उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग**

पत्रांकः- 565/18ए0सी0 दिनांकः- 07/02/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 23/02/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18/02/2024 से 22/02/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 23/02/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :

1. अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड-यमकेश्वर में काण्डी-शीला मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य के अन्तर्गत डीफ्केक्ट कटिंग एवं स्लिप सफाई का कार्य। | 12,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 02 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 2 | जिला योजना के अन्तर्गत देवराणा-ठुण्डा मोटर मार्ग के मझेडा बडोली छोटी होते हुए स्थान बड़ोली बड़ी में विकासखण्ड मुख्यालय मोटर मार्ग का विस्तार। | 39,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 02 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 24/02/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**(इं0 डी0पी0 सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बैजरो**
Email ID :-eepwdbaijro01@gmail.com, eepwdbaijro@rediffmail.com

पत्रांक- 303 /17 ए0सी0 दिनांक - 16/02/2024

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड राज्य में मार्ग कार्य के लिये पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18.02.2024 से 24.02.2024 तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से निर्धारित शुल्क एवं मार्ग/भवन कार्य के लिये पंजीकृत की अधतन वैधता प्रमाण पत्र देकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 26.02.2024 की अपराहन 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में प्राप्त कराये जा सकते हैं। बिलम्ब से पहुंचने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. अधीक्षण अभियन्ता 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी
2. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0नि0 बैजरो
3. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ
4. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 कीर्तिनगर।

निविदा अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0नि0 बैजरौ के कार्यालय में दिनांक 27.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख ₹ में) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | **वार्षिक अनुरक्षण 2024-25** | | | | | |
| 1 | सहायक अभियन्ता प्रथम के अधीन विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 36000.00 | 1500.00+ GST | 45 दिन | 12 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 2 | सहायक अभियन्ता द्वितीय के अधीन विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 36000.00 | 1500.00+ GST | 45 दिन | 12 माह | तदैव |
| 3 | सहायक अभियन्ता तृतीय के अधीन विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 18000.00 | 1000.00+ GST | 45 दिन | 12 माह | तदैव |
| 4 | सहायक अभियन्ता चतुर्थ के अधीन विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 36000.00 | 1500.00+ GST | 45 दिन | 12 माह | तदैव |
| 5 | बेदीखाल-भरोलीखाल मोटर मार्ग के किमी0 1 एवं 2 में क्षतिग्रस्त दीवारों का निर्माण कार्य। | 15000.00 | 500.00+ GST | 45 दिन | 01 माह | तदैव |
| 6 | थलीसैंण-बूंगीधार-देघाट-जैनल-मानिला-डोटियाल-मरचुला (राज्य मार्ग संख्या 52) के किमी0 37 एवं 38 में पक्की नाली का निर्माण कार्य। | 15000.00 | 500.00+ GST | 45 दिन | 01 माह | तदैव |
| 7 | एस0डी0आर0एफ0 के अन्तर्गत मैठाणाघाट-ढौंर-जाखणी -तकुलसारी-रसियामहादेव-सौंफखाल-दिवोली-बन्दरकोट -नौलापुर मोटर मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग पी0-22) के किमी0 26 एवं 38 में क्षतिग्रस्त दीवार एवं स्कपर का पुनः निर्माण कार्य। | 13000.00 | 500.00+ GST | 45 दिन | 01 माह | तदैव |
| 8 | राज्य योजना के अन्तर्गत बेदीखाल-भरोलीखाल-एरोली मोटर मार्ग का चन्दोली मोटर मार्ग के किमी0 1 से 5 में क्षतिग्रस्त पैदल मार्गों एवं आवश्यक सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य। | 45000.00 | 1500.00+ GST | 45 दिन | 01 माह | तदैव |
| 9 | राज्य योजना के अन्तर्गत मोरोबैण्ड-धोबीघाट मोटर मार्ग किमी0 1 से 5 में क्षतिग्रस्त पैदल मार्गों एवं आवश्यक सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य। | 45000.00 | 1500.00+ GST | 45 दिन | 01 माह | तदैव |
| 10 | राज्य योजना के अन्तर्गत जोगीमढी-सराईखेत मोटर मार्ग के किमी0 1 से 4 में कच्ची नाली एवं स्कपर का निर्माण कार्य। | 21000.00 | 1000.00+ GST | 45 दिन | 01 माह | तदैव |
| 11 | राज्य योजना के अन्तर्गत फरसाडी-गढकोट-छाछरो मोटर मार्ग सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य के अन्तर्गत सुरक्षात्मक कार्य। | 45000.00 | 1500.00+ GST | 45 दिन | 01 माह | तदैव |

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**बैजरो (गढ़वाल)**

# भू-कानून पर हक की लड़ै गीत हुआ रिलीज




भू-कानून पर आधारित गीत को रिलीज करते पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व अन्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : संदेश, कला और सांस्कृतिक संस्था की ओर से भू-कानून पर आधारित गढ़वाली गाने हक की लड़ै को सांई एंटरटेनमेंट यू ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। गाने को लोकगायक संजय सिंह रावत ने अपनी आवाज दिया है। शुक्रवार को गाने को निवर्तमान महापौर हेमलता नेगी व पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से चैनल पर रिलीज किया। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि लोक गायक संजय सिंह रावत ने इस गाने के माध्यम से आम जन को जागृत करने कार्य किया है, जो प्रशंसनीय है। निवर्तमान मेयर हेमलता नेगी ने गाने के बोलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर अभिनेता प्रकाशदीप द्विवेदी, दिगंबर प्रताप सिंह, टीकम सिंह, महेश शाह, ऋषि ध्यानी, शिव सिंह नेगी और प्रमोद चौधरी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## विनायकधार में सड़क के लिए संघर्ष

चमोली। गैरसैंण। गैरसैंण एवं थराली प्रखंड की सीमा विनायकधार में सड़क के लिए ग्रामीणों का संघर्ष जारी है। चार सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन और अनशन 12वें दिन भी जारी रहा।

शुक्रवार को कश्चीनगर प्रखंड़ थराली, बधाणठांट, घटगाड़ के ग्रामीणों ने आंदोलन को अपना समर्थन दिया। आंदोलनकारियों की मुख्य मांग बीएमबी मोटर मार्ग को कस्वीनगर (थराली) मिलाने की है। विनायकधार के घने जंगल के में टैंट लगा कर अवतार सिंह कोटवाल 8 फरवरी से तथा भुवन जोशी गत 11 फरवरी से अनशन कर रहे हैं। वहीं 5 फरवरी से अनशन कर चुके कुंवर सिंह नेगी को 13 फरवरी को तथा 6 फरवरी से अनशन पर बैठे चंद्रा दत्त को 10 फरवरी को प्रशासन पहले की उठा चुका है।

# कुण्डसौड़ में नृसिंह देवता मंदिर का होगा विकास

रुद्रप्रयाग। विकासखण्ड जखोली के कुण्ड सौड़ व पटागणियां को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस के प्रदेश संगठन सचिव रघुवीर सिंह राणा ने कहा है कि कुण्ड सौड़ में भगवान नृसिंह देवता का आदि मंदिर हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। इसको संजोकर रखने के लिए जितना कुछ किया जाए कम है।

इस ऐतिहासिक मंदिर को पूजा स्थल के साथ ही पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब वह क्षेत्र पंचायत जखोली के सदस्य थे तो उस दौरान उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदन के माध्यम से पर्यटन विभाग को इसका प्रस्ताव भेजा था, ओर साथ ही जखोली विकासखण्ड मुख्यालय से धनकुराली होते हुए पालाकुराली तक 17 किमी मोटर मार्ग शासन से स्वीकृत करवा रखा था, लेकिन बाद में शासन प्रशासन में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रघुवीर सिंह राणा ने कहा है कि कुण्ड सौड़ में भगवान नृसिंह देवता मन्दिर का स्थानीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जीणोद्धार कर मंदिर को भव्य तरीके से कायाकल्प किया जायेगा। साथ ही उन्होंने पटागणियां को भी पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कुण्ड सौड़ में भव्य पार्क का भी निर्माण कार्य कर इसे देश विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए विकसित किया जायेगा। कहा कि कुण्ड सौड़ में भगवान नृसिंह देवता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिलने से सम्पूर्ण लस्या पट्टी की इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोकर रखने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं वे सराहनीय हैं।उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव पूर्व में पास होने के साथ ही शासन को भेजा जा चुका था, लेकिन कार्यवाही न होने के कारण सम्पूर्ण क्षेत्र आज भी प्राकृतिक एवं नैसर्गिक सुंदरता होने के बावजूद भी सड़कों के अभाव से पर्यटकों व देश विदेश के सैलानियों से अछूता है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रघुवीर सिंह राणा ने बताया है कि पूर्व में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अपने कार्यकाल में यहां आकर इसे पर्यटन स्थल के साथ ही गैस्ट हाउस बनाने की भी घोषणा की थी।

## चंबा बीडीसी बैठक 27 फरवरी को

नई टिहरी। क्षेत्र पंचायत चम्बा की बैठक आगामी 27 फरवरी प्रमुख क्षेत्र पंचायत चम्बा शिवानी बिष्ट की अध्यक्षता सुबह 11 बजे से विकास खण्ड चंबा के सभागार में आयोजित की जायेगी। प्रमुख शिवानी से बताया कि बैठक में क्षेत्र के प्रतिनिधि अपने समस्याओं को लेकर अधिकारियों के समक्ष सवाल रखेंगे।

## कम मतदान वाले बुथों पर किया जा रहा जागरूक

नई टिहरी। आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए स्वीप गतिविधियों के तहत कम मतदान वाले बुथों पर जाकर मतदान के लिए जागरूक करने का काम किया गया। इस दौरान मतदान करने को शपथ भी दिलाई गई। आसन्न लोक सभा चुनावों मे मद्देनजर शुक्रवार को स्वीप के तहत शिक्षण संस्थानों में चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) आयोजित कर छात्र–छात्राओं के माध्यम से मेंहदी/रंगोली प्रतियोगिताएं, पेंटिंग, पोस्टर, स्लोगन, खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा गया। इसके साथ ही मतदान शपथ, मतदान संकल्प पत्र, वाल पेंटिंग, चुनाव पाठशाला, महिला चैपाल, रैलियां व सोशल मीडीया की मदद से मतदान जागरूकता कार्यक्रम चलाये गये। चुनाव आयोग के निर्देशों पर जिला निर्वाचन विभाग मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रतिदिन का रोस्टर बनाकर जन सहभागिता से कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। जीआईसी विनकखाल के छात्र–छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। राजकीय पालीटेक्निक नरेन्द्रनगर और राजकीय पालीटेक्निक कांडीखाल में मतदान शपथ ली गई। प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर दीवार पेंटिंग व नारा लेखन का कार्य कर चुनाव का पर्व–देश का गर्व थीम को उजागर किया गया। बूथों पर ईआरओ और स्वीप टीम के माध्यम से चुनाव पाठशाला भी आयोजित की जायेगी।

## मतदान एवं लोकतंत्र के महत्त्व से युवा मतदाताओं को अवगत कराया

रुद्रप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा चुनाव का पर्व, देश का गर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मतदाता जागरूकता प्रशिक्षण के साथ ही शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मतदान एवं लोकतंत्र के महत्त्व से युवा मतदाताओं को अवगत कराया। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. श्रीकांत नौटियाल द्वारा युवा मतदाता जागरूकता एवं प्रशिक्षण की उपयोगिता व आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। जबकि डॉ. जय श्रीवास्तव ने युवाओं को संवैधानिक अधिकारों को जानने पर बल दिया तथा डॉ. अंजिता पांडेय ने अधिकार एवं कर्तव्यों के संतुलन की बात कही। निर्वाचन कार्यालय से मास्टर ट्रेनर योगेश द्वारा विद्यार्थीयों को ईवीएम, वीवीपैट के उपयोग एवं मॉक पोल का आयोजन कर इसके उपयोग की जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ. अनिता बिष्ट, डॉ मकान प्रकाश, डॉ. सुनीता असवाल, डॉ. नियति, डॉ. नीलांजना, ईएलसी कैंपस एंबेसडर हेमंत, रुचि एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद थी।

## गोपेश्वर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

चमोली। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और भोजन माताओं ने सीटू के नेतृत्व में कलक्ट्रेट परिसर में धरना–प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रतिमाह 18000 रुपये मानदेय दिए जाने की मांग समेत विभिन्न मुद्दों की बात उठाई। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सबसे पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य तिराहे से कलक्ट्रेट परिसर तक नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सेवानिवृत्त होने पर दो लाख रुपये जमा फंड के रूप में दिए जाने, गोल्डन कार्ड जारी करने और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पदोन्नति का लाभ दिए जाने की मांग उठाई।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष अभिलाषा, ब्लॉक अध्यक्ष आशा थपलियाल, सरोजनी नेगी, गीता, पूनम, उमा देवी, जमुना आदि मौजूद रहे। जबकि भोजन माताओं ने भी कलक्ट्रेट तक जुलूस प्रदर्शन किया।




## सवा लाख लखपति दीदी प्रदेश में बनाई जाएंगी: उनियाल

नई टिहरी। राज्य स्तरीय महिला उद्यमिता परिषद की उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) श्रीमती विनोद उनियाल ने कहा कि प्रदेश में अब तक 64867 महिलाओं को लखपति बनाने का काम किया गया है और सवा लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। नंदा–गौरा योजना के लिए प्रदेश सरकार ने 282 करोड़ रुपये का बजट रखा है। इससे महिला सशक्तिकरण का कार्य तेजी से किया जायेगा। श्रीमती उनियाल शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि प्रदेश सरकार सीएम धामी के नेतृत्व में निंरतर विकास की ओर बढ़ रही है। पीएम मोदी को उत्तराखंड से जो लगाव है। उसका लाभ प्रदेश को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के रूप में मिल रहा है।

# मतदाता जागरूकता के लिए विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में दिलाई गई मतदाता शपथ

चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान लिए स्वीप की ओर चमोली जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके तहत विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में मतदान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही जिले में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। जिसके तहत स्वीप की ओर से शुक्रवार को राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज गोपेश्वर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और राजकीय नर्सिंग कॉलेज चमोली में नए मतदाताओं और शिक्षकों को मतदाता शपथ दिलाई गई। स्वीप कार्यक्रम के दौरान नए मतदाताओं को मजबूत लोकतंत्र के लिये मतदान की आवश्यकता की जानकारी दी गई। इस के साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों पर वॉल पेंटिंग की जा रही है।



स्वीप के जिला समंवयक कुलदीप गैरोला ने बताया कि जिले में विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में नुक्कड़ नाटक, खेलकूद प्रतियोगिता, कम मतदान वाले मतदेय स्थलों पर गोष्ठियों का आयोजन, मतदाताओं से संपर्क, प्रवासी मतदाताओं से संवाद, वीडियो संदेश प्रसारण, हस्ताक्षर अभियान चलाए जा रहे है।

# ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर बस पलटी, सभी सुरक्षित




रुद्रप्रयाग। ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर एक रोडवेज की बस अनियंत्रित होकर हाईवे पर ही पलट गई, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। द्वाराहाट से देहरादून जा रही बस में कुल 35 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके से सभी सवारियों को सुरक्षित निकाला।

कुछ लोगों पर मामूली चोटें आई।जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 10:15 मिनट पर रुद्रप्रयाग से 7 किमी दूर नरकोटा के पास एक रोडवेज की बस अनियंत्रित होकर हाईवे पर ही पलट गई, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही कोतवाली निरीक्षक राजेंद्र सिंह रौतेला मय फोर्स मौके पर पहुंचे। जबकि डीडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी लोगों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला गया। कुछ लोगों को एहतियातन अस्पताल भिजवाया गया। हालांकि कोई भी गंभीर चोटिल नहीं हुआ। सभी लोग सुरक्षित हैं। कोतवाली निरीक्षक राजेन्द्र सिंह रौतेला ने बताया कि उक्त वाहन से संबंधित दुर्घटना की जानकारी के लिए सवारियों व बस कंडक्टर से पूछताछ के दौरान पता चला कि रोडवेज बस द्वाराहाट से से देहरादून जा रही थी, जिसमें करीब 30–35 सवारियां बैठी हुई थी।

## बीएसएनएल कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

देहरादून। बीएसएनएल इंपलाइज यूनियन से जुड़े कर्मचारी शुक्रवार को देशव्यापी आंदोलन के तहत हड़ताल पर रहे। आक्रोशित कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सरकार से जल्द ही मांगों के निरारकण की मांग की है। क्रास रोड स्थित परिमंडलीय कार्यालय में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने वेतन संशोधन लागू करने, बीएसएनएल की 4जी और 5जी सेवाएं चालू करने, नॉन एग्जीक्यूटिवों के लिए नई प्रमोशन नीति लागू करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करने समेत आठ सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि वह कई सालों से मांगों के निराकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है,

## प्रशिक्षण शिविर में छात्र–छात्राओं ने सीखे उद्यमिता के गुर

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय लंबगांव में आयोजित दो दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक ने छात्र–छात्राओं को स्टार्ट अप के माध्यम से स्वरोजगार को प्रेरित करते हुए उद्यमिता के गुर सिखाए। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद एवं देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल विभाग उच्च शिक्षा के संयुक्त तत्वाधान में लंबगांव महाविद्यालय में आयोजित उद्यमिता प्रशिक्षण शिविर में 200 छात्रों ने प्रतिभाग किया। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार शर्मा ने छात्र–छात्राओं को उद्यमी बनने और स्टार्ट अप के द्वारा स्वरोजगार विकसित करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य प्रशिक्षक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के विनय यादव ने छात्रों को स्टार्ट–अप के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने के गुर सिखाए और छात्रों के उद्योग संबंधी विचारों और प्रस्तावों को सराहा और उनके आइडिया को सरकार तक पहुंचा उन्हें लाभान्वित करने का संकल्प दोहराया। छात्र–छात्राओं ने अपने उद्यमी संबंधी नवाचारों को टीम के समक्ष प्रस्तुत किया और अपनी स्टार्ट अप योजना का प्रस्ताव रखा और सरकार की पहल का स्वागत किया।

समापन सत्र में टिहरी स्थित गुप्ता एवं बंसल कंसल्टेंसी सर्विस के सीए नितिन गुप्ता ने छात्र–छात्राओं को आर्थिक प्रबंधन एवं निवेश संबंधी जानकारी प्रदान की।

# बोर्ड परीक्षा के दौरान रहेंगी परीक्षा केंद्रों में धारा 144 लागू

रुद्रप्रयाग। 27 फरवरी से होने वाली उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां शुरू हो गई है। प्रशासन से शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में धारा 144 लागू करने के आदेश जारी कर दिए हैं। उप जिलाधिकारी ने इस बाबत आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी केंद्र आदेश का पालन करें। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर नैनीताल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट बोर्ड परीक्षाओं के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में धारा 144 प्रभावी रहेगी। उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सब डिविजन रुद्रप्रयाग के होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा अवधि में धारा–144 प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए तहसील के कुल 19 परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमणों जैसी घटनाओं के साथ ही परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग आदि के मध्यनजर सब डिविजन रुद्रप्रयाग के परीक्षा केंद्रों में धारा–144 को प्रभावी किया गया है। इसी तरह ऊखीमठ और जखोली तहसील में भी परीक्षा के दौरान धारा 144 लागू रहेगी।

## विचारों का प्रवाह ही मन की चंचलता का कारण है : आचार्य ममगाईं

देहरादून। आचार्य शिव प्रसाद ममगाई ने डंगवाल मार्ग नेशविला रोड में मेजर विभूति शंकर ढौंडियाल की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन की कथा में कहा सच्चा सुख तो आत्मज्ञान के बिना नही मिल सकता, उसके लिए इन वृतियों का निरोध आवश्यक है। ये निरंतर अभ्यास और वैराग्य से ही सम्भव है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि निःसंदेह मन चंचल और कठिनता से वश में होने वाला है परंतु हे कौन्तेय अभ्यास और वैराग्य से यह वश में होता है कर्म छोड़ना वैराग्य नही है आशक्ति छोड़ना वैराग्य है। उन्होंने कहा कि चित की स्थिरता के लिए बार–बार जो प्रयत्न करता है वही सफल रहता है। मन बड़ा चंचल है यह एक क्षण भी शांत नही रहता।

# सीटू और किसान सभा ने किया फाटा में धरना–प्रदर्शन




रुद्रप्रयाग। संयुक्त किसान मोर्चा एवं टेड यूनियन समन्वय समिति के आह्वान पर सीटू जिला कमेटी एवं अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा ग्रामीण भारत बंद व औद्यौगिक क्षेत्रीय हड़ताल को लेकर किसान सभा द्वारा धरना दिया गया। साथ ही प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। जनपद के फाटा मैंखण्डा में किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम सेमवाल के नेतृत्व में रैली निकालकर प्रर्दशन किया गया जबकि जनसभा की गई। सीटू जिला महामन्त्री बीरेन्द्र गोस्वामी के नेतृत्व में तहसील उखीमठ परिसर में धरना दिया गया।

इस मौके पर मजदूर विरोधी चारों श्रम कोड्स को अविलम्ब वापस लेने के साथ ही 12 घंटे काम करने के आदेश को रद्द करने, किसानों के ऋण माफ करने, सभी फसलों के लिए कानून बनाकर न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलने की गारन्टी देने, आंगनबाड़ी, आशा, भोजन माताओं को राज्य कर्मचारी घोषित करने, जब तक राज्य कर्मचारी घोषित नहीं होते तब तक उन्हें वैधानिक न्यूनत्तम वेतन और सामाजिक सुरक्षा देने, सबको निशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य की गारन्टी देने के साथ ही सस्ते गल्ले के माध्यम से केरल की तर्ज पर आवश्यक उपभोग की वस्तुएं सस्ते दाम पर उपलब्ध कराने, रक्षा, रेलवे, बिजली, कोयला, तेल, इस्पात, दूरसंचार, डाक, परिवहन, हवाई अड्डे, बैंक, बीमा, रक्षा उद्योग आदि सभी सार्वजनिक उपकमों के निजीकरण पर रोक लगाने, मनरेगा का शहरी क्षेत्रों तक विस्तार करते हुए हर परिवार को 200 दिन का रोजगार व रुपया 600 प्रतिदिन की मजदूरी देने, भूमिहीन लोगों को जमीन व मकान उपलब्ध कराने, पूर्व में सरकारी भूमि पर काबिज इन लागों को मालिकाना हक देने, जंगली जानवरों से आम आदमी, किसानों के पालतू जानवरों व फसलों की सुरक्षा तथा बाजार भाव से मुआवजा और जन हानि की दशा में मोटर दुर्घटना प्रतिकर की तर्ज पर कानून बनाकर मुआवजा देने आदि मांग की गई। कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है।\

# वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन ने मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर शीघ्र मांगों के निराकरण की मांग की। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगे न मानी गई तो कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केन्द्रों में तालाबंदी करने को मजबूर होंगी। शुक्रवार को आंगनबाडी कार्यकर्ता, सेविका, मिनी कर्मचारी जिला मुख्यालय के संगम में एकत्रित हुई। इसके बाद सभी कार्यकत्री जिलाध्यक्ष सुनिता बर्त्वाल एवं कोषाध्यक्ष उपासना सेमवाल के नेतृत्व में डीएम कार्यालय के लिए रवाना हुई।

यहां पहुंचने के बाद कार्यकत्रियों ने पहले सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। साथ ही डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विषम परिस्थितियों में नौकरी करने के लिए मजबूर हैं। उन्हें मजदरों की भांति मेहनताना भी नहीं मिल पा रहा है। हर कार्य को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता करने के बावजूद भी प्रदेश की धामी सरकार और काबीना मंत्री रेखा आर्य मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। लगातार सरकार से मानदेय बढ़ाने की मांग की जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने न्यूनतम मजदूरी को देखते हुए छः सौ रूपए प्रतिदिन के हिसाब से 18 हजार मानदेय किये जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने वरिष्ठता के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर प्रतिवर्ष सबका मानदेय बढ़ाने को कहा, जबकि रिटायरमेंट होने पर दो लाख देने का प्रावधान रखे जाने और इंटर पास होने के साथ ही सीनियर कार्मिकों को 50 वर्ष पूरे होने पर उनके मानदेय वृद्धि करने की मांग की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके गोल्डन कार्ड जारी किए जाएं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने डीएम कार्यालय में धरना–प्रदर्शन किया है और इसके बाद भी मांगों पर कार्यवाही नहीं की गई तो आंगनबाड़ी केन्द्रों में तालाबंदी की जाएगी।

## कांग्रेस पार्टी के खातों पर रोक के खिलाफ प्रदर्शन किया

देहरादून। कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों पर रोक लगाने के खिलाफ महानगर युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए केंद्र सरकार हर तरह के हथकंडे अपना रही है।

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमितर भुल्लर की अगुवाई में शुक्रवार को करनपुर चौक पर प्रदर्शन किया गया। भुल्लर ने कहा कि लोकतंत्र को खत्म करने की साजिशें लगातार हो रही है। कांग्रेस पार्टी के खातों पर रोक लगाकर विपक्ष को पूरी तरह बंधक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

# राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज श्रमिकों के हितों में मांगें रखी

नई टिहरी। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन समन्वय समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मांगों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की। राष्ट्रपति से श्रमिकों के हितों को लेकर ठोस निर्णय लेने की अपील भी की गई।शुक्रवार को डीएम मयूर दीक्षित के माध्यम से विभिन्न ट्रेड यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मोटर वाहन अधिनियम 2023 को तत्काल प्रभाव से रद किया जाय। चारों श्रम संहिता में 12 घंटे काम करने के आदेश को रद्द किया जाय। न्यूनतम वेतन 26 हजार घोषित किया जाय। किसानों के हितों के लिए एमएसपी पर कानून बनाया जाय। बिजली बिल 2022 वापस लेकर स्मार्ट मीटर न लगाये जायें। बैंक, बीमा, रक्षा, पोस्टल, रेलवे सहित सार्वजनिक संस्थानों निगमीकरण व निजीकरण न किया जाय। आयुद्य निर्माण पूरी तरह से सरकार के अधीन हो। पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाय। भवन व सन्निर्माण कर्मकाण कल्याण बोर्ड में ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाय। इस मौके पर जय प्रकाश पांडे, चिंतामणि थपलियाल, अरविंद विष्ट, नित्यानंद बहुगुणा, सफर सिंह नेगी, शिवधारी देवी, सुरेश बडोनी, कांति प्रसाद उनियाल, भगवान सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com